RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 29 जुलाई 2023 | वर्ष 05 | अंक 96 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में सियासी हलचल
## कांग्रेस नेताओं ने शरद पवार से की मुलाकात

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शुक्रवार को एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की. बता दें कि विपक्ष के इंडिया गठबंधन अगली बैठक मुंबई में होगी. प्रस्तावित बैठक अगस्त के आखिरी सप्ताह या सितंबर के पहले सप्ताह में हो



सकती है. यह जानकारी शरद पवार से मुलाकात करने वाले कांग्रेस के एक नेता ने दी. शरद पवार के साथ कांग्रेस नेताओं की बैठक दक्षिण मुंबई के वाई बी चव्हाण सेंटर में आयोजित की गई थी. बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले, पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण और वरिष्ठ नेता नसीम खान मौजूद थे. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से बैठक में राज्य इकाई के चीफ जयंत पाटिल, विधायक शशिकांत शिंदे और रोहित पवार मौजूद थे. रोहित पवार, शरद पवार के बड़े भाई के पोते हैं.

### इंडिया गठबंधन की बैठक में 100 नेता होंगे शामिल

बैठक के बाद नसीम खान ने बताया कि इंडिया गठबंधन की बैठक अगस्त के अंत या सितंबर के पहले सप्ताह में मुंबई में होगी. पटोले ने कहा कि लगभग 100 नेता इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे और शरद पवार ने शिवसेना (यूबीटी) के चीफ उद्धव ठाकरे से फोन पर इस बारे में बात की है. नाना पटोले ने कहा कि महा विकास अघाड़ी के सदस्य के रूप में हम मुंबई में बैठक को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### महा विकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर यह बोले पटोले...

नाना पटोले ने कहा कि एमवीए मजबूत और एकजुट है और बारिश का मौसम खत्म होने के बाद यह एमवीए प्रदेश भर में रैलियां आयोजित करेगा. उन्होंने कहा कि एमवीए के तीन सहयोगियों शरद पवार की एनसीपी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की बैठक होगी. इसमें सीट-बंटवारे और उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप देने पर काम किया जाएगा.

# मुंबई में बदलता मौसम बना आफत, डेंगू और मलेरिया के साथ-साथ लेप्टो के मरीजों में बढ़ोतरी



**मुंबई :** मुंबई में भारी बारिश के बाद लोग बीमारियों से परेशान हैं. शहर में मौसम का मिजाज बदलते ही बीमारियों का सिलसिला शुरू हो जाता है. ऐसे में सर्दी, बुखार, डेंगू, मलेरिया और लेप्टो जैसी बीमारियों में इजाफा देखने को मिल रहा है. लेप्टोस्पायरोसिस के मामले पिछले एक महीने में 249 आए हैं. डेंगू के 406 और मलेरिया के 495. हालांकि जुलाई 17 से 23 तक लेप्टो के 150 मामले 249 में से दर्ज हुए. वहीं डेंगू के 250 के करीब. मानसून की इन बीमारियों से कैसे बचाव किया जाए, जानते हैं इस रिपोर्ट में.

### इस साल बढ़े हैं मामले


सैंट जॉर्ज अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉक्टर विनायक सवारदेकर बताया कि मानसून की बीमारियों में इस साल अधिक मामले देखे गए हैं. अधिकतर मरीज लेप्टो इस बीमारी के आ रहे हैं. यह बीमारी गंदे पानी में घूमने से होती है. वो कहते हैं कि अधिकतर ऐसी जगहों पर जहां जलजमाव होता है, वहीं लेप्टो की बीमारी फैलती है. कई मामलों ये जावलेवा भी साबित होती है. नागरिकों के लिए बीएमसी ने गाइडलाइंस भी जारी की हैं.

# मुंबई पुलिस ने डोंगरी और माहिम इलाके से ड्रग्स बेचने के आरोप में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया










**मुंबई :** मुंबई पुलिस एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने अठहत्तर लाख रुपये मूल्य की दो सौ ग्राम मेथमफेटामाइन, सौ ग्राम मेफेड्रोन और साठ ग्राम कोकीन के साथ दो तंजानिया और एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। नाइजीरियाई नागरिक नालासोपारा में रहता है और मुंबई शहर में तस्करों को बेचने के लिए नालासोपारा से मादक पदार्थ खरीद रहा था। दो तंजानियाई नागरिकों को ओवो रेजीडेंसी होटल, सैमुअल स्ट्रीट, डोंगरी से साथ ग्राम कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस ने डोंगरी और माहिम इलाके से ड्रग्स बेचने के आरोप में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है इनके पास से अठहत्तर लाख की ड्रग्स बरामद की गई है. वर्ली यूनिट द्वारा माहिम स्टेशन के बाहर एक नाइजीरियाई के पास से साठ लाख की ड्रग्स जब्त की गई। आजाद मैदान यूनिट ने डोंगरी इलाके में दो तंजानियावासियों को बारह लाख की एमडी के साथ पकड़ा जांच के दौरान पता चला कि, नाइजीरियाई बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा है जो कि विदेशी अधिनियम 1946 के तहत आता है। आरोपी दो हजार बारह में मेडिकल वीजा पर भारत आया था और अब कपड़े का कारोबार कर रहा है। एएनसी टीम ने दो हजार तेईस में पन्द्रह विदेशी नागरिकों सहित एक सौ बत्तीस गिरफ्तारियां की हैं और अट्ठाईस करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की हैं।

# यूनियन नेता डॉ. दत्ता सामंत की हाई-प्रोफाइल हत्या की साजिश रचने का आरोप में गैंगस्टर छोटा राजन बरी

**मुंबई :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे, जिसे छोटा राजन के नाम से भी जाना जाता है, को बरी कर दिया, जिस पर प्रसिद्ध ट्रेड यूनियन नेता डॉ. दत्ता सामंत की हाई-प्रोफाइल हत्या की साजिश रचने का आरोप था। इस घटना में 1997 में मुंबई में डॉ. दत्ता सामंत की कथित गोली मारकर हत्या शामिल थी। विशेष सीबीआई न्यायाधीश एएम पाटिल ने ह्रठोस सबूतों की कमीह्न का हवाला देते हुए राजन को हाई-प्रोफाइल हत्या मामले से संबंधित सभी



आरोपों से बरी कर दिया

परीक्षणों के प्रारंभिक सेट के दौरान, कुछ स्थानीय लोगों पर मुकदमा चलाया गया, और जुलाई 2000 में फैसला सुनाया गया। राजन के मामले में, गुरु साटम नामक एक अन्य गैंगस्टर और राजन के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट, रोहित वर्मा को फरार बताया गया, जिससे उनके मुकदमे को अलग कर दिया गया। राजन को अक्टूबर 2015 में इंडोनेशिया के बाली में पकड़ा गया था। इसके बाद, सीबीआई ने उनके खिलाफ दायर सभी मामलों का प्रभार अपने हाथ में ले लिया और डॉ. सामंत की हत्या के मामले में अभियोजन आगे बढ़ाया।




# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## मजबूरी का फैसला

गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने का भारत सरकार का फैसला पूरी दुनिया के लिए चिंता का कारण बन गया है। हालांकि यह इस मायने में कोई नया या अनोखा फैसला नहीं कहा जा सकता क्योंकि घरेलू मोर्चे पर हालात या जरूरत के मुताबिक ऐसा फैसला न केवल भारत सरकार, बल्कि अन्य देशों की सरकारें भी करती रही हैं। इस बार भी फैसले के पीछे मौसम की प्रतिकूलता से उपजे घरेलू हालात ही हैं। देश में, खासकर उत्तर भारत के बड़े इलाके में मॉनसूनी बारिश की कमी के चलते धान की कम रोपाई ने यह आशंका पैदा कर दी है कि इस बार धान की फसल कम होगी। इस आशंका के कारण घरेलू बाजारों में कीमतें चढ़ने लगीं, जिस पर लगाम लगाने की मंशा से सरकार ने यह फैसला किया है। मगर फैसला ऐसे समय आया है, जब रूस ब्लैक सी अनाज समझौते से बाहर निकलने की घोषणा कर चुका है। इस समझौते की ही बदौलत युद्ध के बावजूद यूक्रेन से अनाज की आपूर्ति बाधित नहीं हो रही थी। यह समझौता तुर्किये ने रूस और यूक्रेन के बीच कराया था। हालांकि, इसके बाद भी ग्लोबल मार्केट में अनाज की कीमतें इस दौरान चढ़ती रही हैं। सितंबर 2022 से अब तक चावल की कीमतों में 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

खैर, रूस के समझौता तोड़ने की घोषणा के बाद भारत की ओर से गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने के एलान को अगर इतनी गंभीरता से लिया जा रहा है, तो वह भी अकारण नहीं है। भारत के कुल चावल निर्यात का 25 फीसदी हिस्सा इसी गैर-बासमती श्रेणी का होता है, जिस पर रोक लग चुकी है। ध्यान रहे, भारत दुनिया में चावल के प्रमुख निर्यातक देशों में आता है। दुनिया के करीब 42 देश ऐसे हैं, जिनके चावल आयात का 50 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सा भारत से जाता है। निश्चित रूप से खाद्य आपूर्ति की चुनौतियों से जूझती दुनिया के लिए यह बुरी खबर है। अमेरिका और कनाडा जैसे कई देशों से आ रही खबरों के मुताबिक लोगों में घबराहट अभी से दिखने लगी है। ऐसी तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर डाले जा रहे हैं, जिनमें चावल खरीदने वालों की लंबी कतारें दिख रही हैं। कत्रा (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) ने आगाह किया है कि मौजूदा हालात में इस तरह की रोक से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। उसने यहां तक कह दिया कि ऐसे फैसले जवाबी उपायों के लिए भी प्रेरित कर सकते हैं। मगर यह बात याद रखी जानी चाहिए कि इस फैसले के पीछे भारत की मजबूरी हो सकती है, गैर-जिम्मेदारी की भावना नहीं। भारत हमेशा से वैश्विक हितों का ख्याल रखता रहा है। कोविड-19 के दौरान जरूरतमंद देशों को टीके उपलब्ध कराना इसका हालिया उदाहरण है। और, चावल निर्यात पर आंशिक रोक लगाते हुए भी खाद्य सुरक्षा से जुड़े अनुरोधों पर विचार करने की गुंजाइश बनाए रखी गई है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 'मुझे खत्म करना है? खत्म करके दिखाओ!'

## उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को दी खुली चुनौती, जानिए और क्या कहा?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को उन्हें खत्म करने की चुनौती दी और कहा कि उनके पास उनके दिवंगत पिता बाल ठाकरे और लोगों का आशीर्वाद है. पार्टी के मुखपत्र 'सामना' के कार्यकारी संपादक संजय राउत के साथ एक इंटरव्यू में, ठाकरे ने जानना चाहा कि बीजेपी अयोध्या में राम मंदिर



के निर्माण का श्रेय कैसे ले सकती है, जब वह वहां बाबरी मस्जिद के विध्वंस की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं थी।

### अजित पवार के बयान का जवाब

ठाकरे ने कहा कि वह एनसीपी के बागी नेता और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की इस बात से असहमत हैं कि एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार को उनकी उम्र के कारण सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए. ठाकरे ने कहा, 'हम हमेशा बड़ों का सम्मान करते हैं और यह सम्मान बनाए रखना चाहिए. अगर कोई बूढ़ा हो गया तो क्या होगा. हमें किससे आशीर्वाद लेना चाहिए. मुझे उनकी (अजित पवार) टिप्पणी (शरद पवार पर) पसंद नहीं आई.'

### उद्धव ठाकरे का इंटरव्यू चर्चा में

इंटरव्यू के दूसरे भाग में, जो 'सामना' में प्रकाशित हुआ, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट था, जिसने राम मंदिर मुद्दे का समाधान किया. बीजेपी पर हमला बोलते हुए ठाकरे ने कहा, ''अगर आप मुझे खत्म करना चाहते हैं तो ऐसा करें. देखते हैं. मेरे पास मेरे पिता और लोगों का आशीर्वाद है.''

### उद्धव ठाकरे ने किया ये दावा

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने जोर देकर कहा कि इस तरह के बयान महाराष्ट्र की परंपरा के खिलाफ हैं. अजित पवार और छगन भुजबल, हसन मुश्रीफ और दिलीप वलसे पाटिल सहित आठ विधायक 2 जुलाई को एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हुए थे. शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने यह भी दावा किया कि उनके पिता और शिवसेना संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र को बचाया था मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जानना चाहा कि क्या कोई इस तरह (उन पर हमला करके) एहसान का बदला चुकाता है.

# मुंबई पुलिस ने दो विदेशी नागरिकों को किया गिरफ्तार... 68 लाख की ड्रग्स भी जब्त की




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। यहां पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं उनके पास से 68 लाख रुपये की ड्रग्स भी बरामद की है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की वर्ली इकाई ने यह कार्रवाई की। एएनसी ने बुधवार को माहिम रेलवे स्टेशन के पास एक 45 वर्षीय नाइजीरियाई को पकड़ा। जांच के दौरान उसके पास से लगभग 60 लाख रुपये मूल्य की 200 ग्राम मेथामफेटामाइन और 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद की गई। पुलिस के मुताबिक, नाइजीरियाई पालघर जिले के नालासोपारा में रहता था और मुंबई में तस्करों को ड्रग्स बेचता था। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि नाइजीरियाई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा था। अधिकारी ने कहा, वह 2012 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था।

वहीं, एक अन्य मामले में एएनसी की आजाद मैदान इकाई ने दक्षिण मुंबई के डोंगरी में एक होटल से दो तंजानियावासियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से लगभग 8 लाख रुपये मूल्य की 60 ग्राम कोकीन जब्त की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल अब तक एएनसी ने 15 विदेशी नागरिकों सहित 132 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 28.11 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की हैं।

# विधानसभा में जितेंद्र आव्हाड ने मांगी माफी...!

## आदिवासियों को लेकर दिया था विवादित बयान

**मुंबई :** जमीन के सौदे मामले में आदिवासियों से होने वाले धोखाधड़ी का मामला उठाते वक्त राकांपा के जितेंद्र आव्हाड ने एक विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी रात में कार्यक्रम करते हैं, वे होश नहीं होते और उनका कार्यक्रम कर दिया जाता है। उनके बयान पर भाजपा विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई। आव्हाड के माफी मांगने की मांग को लेकर भाजपा के सदस्य विधानसभा अध्यक्ष के सामने वाली खाली जगह (वेल) में जा पहुंचे। बाद में आव्हाड के माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ। पुणे जिले के रावेत में पिछड़ा वर्ग समुदाय की भूमि के अवैध हस्तांतरण को लेकर भाजपा के जयकुमार गोरे ने लक्ष्यभेदी सूचना पेश की थी। इस मामले पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए आव्हाड ने मुंबई में आदिवासी जमीन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में आदिवासियों और




पिछड़े वर्ग की जमीन को हड़प लिया जाता है। मुंबई में बिल्डरों से दो से तीन हजार करोड़ की जमीन हड़पी है। मुंबई में बिल्डरों के आदिवासियों के साथ धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं। उनकी जमीन पर बड़ी-बड़ी इमारतें बनी हुई हैं, लेकिन आदिवासी वहीं के वहीं रहते हैं। अव्हाड ने मांग की कि आदिवासियों के साथ होने वाली धोखाधड़ी रोकने के लिए एक व्यापक नीति बनाने की मांग की। इस पर राजस्व मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने माना कि जमीन खरीद में आदिवासियों के साथ धोखा हुआ है। इस संबंध में आदिवासियों से गैर-आदिवासियों को जमीन हस्तांतरित करने के 150 मामलों की अलग से जांच का आदेश दिया गया है।




# अपमानजनक पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन

## विपक्ष का सदन से बहिर्गमन

**मुंबई :** उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि सावित्रीबाई फुले के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी पोस्ट करने वालों की पहचान करने के लिए पुलिस ट्विटर इंडिया के संपर्क में है। फडणवीस ने कहा कि पुलिस ने ट्विटर अकाउंट भारद्वाज स्पीक्स और डिजिटल मंच इंडिक टेल्स और हिंदू पोस्ट के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, जिन्होंने 19वीं सदी की महान समाज सुधारक के बारे में कथित रूप से अपमानजनक लेख प्रकाशित किए थे। उपमुख्यमंत्री राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड की ओर से प्रश्नकाल में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ट्विटर इंडिया के जवाब का इंतजार कर रही है और सोशल मीडिया अकाउंट संचालित करने वाले लोगों की पहचान होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस के बालासाहेब थोरात ने फडणवीस के जवाब पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि (कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष) राहुल गांधी ने जो कहा, उसके



लिए उन्हें दो साल जेल की सजा दी गई और अब ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? थोरात मोदी उपनाम टिप्पणी को लेकर एक आपराधिक मानहानि मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा गांधी को मार्च में दो साल की जेल की सजा सुनाए जाने का हवाला दे रहे थे, जिसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया था। फडणवीस के जवाब के विरोध में विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। विपक्ष के रुख की निंदा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जैसी महान शख्सियतों के सम्मान और गरिमा को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### दर्शक दीर्घा में छात्रों की मौजूदगी पर आपत्ति

कांग्रेस विधायक और पूर्व स्कूली शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड ने भारी बारिश को लेकर मुंबई में 'रेड अलर्ट' जारी होने का हवाला देते हुए गुरुवार को विधानसभा की दर्शक दीर्घा में बच्चों की मौजूदगी पर आपत्ति जताई। भारी बारिश की वजह से शहर के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। वर्षा गायकवाड ने हैरानी जताई कि रेड अलर्ट की वजह से स्कूल बंद होने के बावजूद राज्य विधानसभा में बच्चे कैसे स्कूल की वर्दी में पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चर्चगेट में जलभराव की स्थिति है। बच्चे कैसे वापस जाएंगे। विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चे अपने-अपने घर सुरक्षित रूप से पहुंच जाएं। मुंबई में पिछले कई दिनों लगातार बारिश हो रही है और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिन के वक्त शहर में भारी से भारी बारिश की आशंका जताई है।

# 31 अगस्त तक शुरू हो जाएगी एमआईडीसी में कामगार अस्पताल

## विधान परिषद में स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत की घोषणा

**मुंबई :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि पिछले पांच साल से बंद अँधेरी पूर्व स्थित मरोल एमआईडीसी में राज्य बीमा कर्मचारी (ईएसआईसी) अस्पताल आगामी 31 अगस्त तक शुरू हो जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूरा प्रयास कर रही है.गुरुवार को विधान परिषद में शिवसेना की विधायक मनीषा कायंदे ने प्रश्नकाल के माध्यम से ईएसआईसी अस्पताल का मुद्दा जोर -शोर से उठाया. कायंदे ने कहा कि मरोल एमआईडीसी में कामगार अस्पताल पिछले पांच साल से बंद है इसके कारण बीमा कर्मचारियों को बड़ी परेशानी हो रही है. कर्मचारियों को इलाज के लिए कांदिवली जाना पड़ रहा है.इसलिए अस्पताल को जल्द से जल्द शुरू




की जाए.इसके जवाब में मंत्री सावंत ने कहा कि केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाली कामगार अस्पताल में साल 2018 अचानक आग लग गई थी जिसमें करीब 14 लोगो की जान चली गई थी. आगजनी घटना के बाद से ही अस्पताल बंद है जिसे शुरू करने के लिए सरकार प्रयास रत है.लेकिन अग्निशमन विभाग से अब तक ओ.सी. नहीं मिलने के कारण अस्पताल शुरू नहीं हो पाया है.लेकिन अब अग्निशमन विभाग ओ.सी. मिलने के बाद 31 अगस्त तक कामगार अस्पताल शुरू हो जाएगी।

### कामगार अस्पताल में शुरू किए जाएंगे डेंटल क्लिनिक

शिवसेना विधायक मनीषा कायंदे के मुंबई सभी कामगार अस्पतालों में डेंटल क्लिनिक शुरू करने की मांग की इस पर स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि मुंबई में कामगार के कई अस्पताल में अलग -अलग अस्पताल में इलाज के लिए अलग -अलग सुविधा है जिसे लेकर 15 अगस्त के भीतर मुंबई के सभी प्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी इस बैठक में प्रतिनिधियों की मांग को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाओं के संबंध में विभाग के उच्च स्तरीय अधिकारियों को बुलाकर तुरंत निर्णय लिया जाएगा। इस चर्चा में विधान परिषद सदस्य सचिन अहीर, ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने भाग लिया

### कांग्रेस नेता राजेश शर्मा ने खटखटाया है कोर्ट का दरवाजा

अँधेरी पूर्व एमआईडीसी में राज्य बीमा कर्मचारी अस्पताल को शुरू करने के कांग्रेस प्रदेश के महासचिव और पूर्व उपमहापौर राजेश शर्मा कई साल से लड़ाई लड़ रहे है. केंद्र और राज्य सरकार के संबंधित मंत्रियों से मुलाकात कर उनसे पत्राचार करने के बाद जब अस्पताल शुरू नहीं हुआ तो उन्होंने बाद में मुंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है.कांग्रेस नेता राजेश शर्मा की याचिका पर आगामी 2 अगस्त को सुनवाई होने वाली है. इस याचिका में शर्मा ने राज्य सरकार को पार्टी बनाया है सुनवाई के दौरान अस्पताल न शुरू होने का कारण सरकार को जवाब देना पड़ सकता है।

# मुंबई में बारिश का कहर...

## सड़क-रेलवे ठप, ठाणे में सभी स्कूल किए गए बंद !




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अलग-अलग इलाकों में भारी बारिश की वजह से बुरा हाल है, मुंबई में भी रेड अलर्ट जारी किया गया है. मुंबई और आसपास के कई इलाकों में 2-3 फीट तक पानी भरा है, मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए इसी तरह का मौसम रहने के आसार जताए हैं. मुंबई के अलावा ठाणे, कल्याण, डोंबिवली, अंबरनाथ समेत अन्य इलाके बारिश की वजह से प्रभावित हैं. मौसम की इस मार की वजह से सड़कों पर कई फीट पानी भरा है, तो ट्रेन यात्रा में भी मुश्किल हुई है. अब मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी मुंबई में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है. बीएमसी ने गुरुवार के जो आंकड़े जारी किए हैं, उसमें बोरिवली में 146, कांदिवली में 133, कोलाबा में 103 और फोर्ट इलाके में 101 मिमी तक बारिश हुई है. लगातार इन इलाकों में हुई बरसात की वजह से रेल सेवा करीब 15 मिनट की देरी से चल रही थी. बीएमसी ने इन मुश्किलों की वजह से गुरुवार को स्कूलों की छुट्टी का ऐलान किया था. शुक्रवार को

# कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों को 1100 के बजाय 2250 रुपए मिलेगी आर्थिक मदद...

## विधान परिषद में महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने दी जानकारी

**मुंबई :** राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि कोरोना काल के दौरान अपने माता-पिता में से एक या दोनों को खोने वाले बच्चों के देखभाल के लिए सरकार ने एक योजना शुरू की है. इस योजना के तहत सरकार उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में हर महीने 1100 रुपए देती है जिसे अब बढ़ाकर 22,50 रूपए दिए जाने का निर्णय लिया गया है. गुरुवार को विधान परिषद में प्रश्नकाल के माध्यम से भाजपा विधायक उमा खापरे ने कोरोना काल के दौरान अपने माता -पिता या दोनों में से एक को खोने के बाद अनाथ हुए बच्चों के पालन -पोषण



के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है. खापरे ने सदन में यह उपस्थित किया था.इसके जवाब में मंत्री तटकरे ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जिन बच्चों के माता-पिता में से एक या दोनों की मृत्यु हुई है, उन्हें बाल देखभाल योजना के तहत योजना का लाभ दिया जा रहा है। अनाथ हुए इन सभी बच्चों को 31 मार्च 2023 तक लाभ की राशि वितरित कर दी गई है. मंत्री अदिति तटकरे ने कहा कि शिशु देखभाल योजना के लिए मा. उच्चतम न्यायालय द्वारा जुर्माने के रूप में वसूल की गई 25 करोड़ 53 लाख रुपये की राशि राज्य के किशोर न्याय कोष में जमा की गई है।इस राशि का उपयोग अनाथ बच्चों के शैक्षिक जैसे स्कूल फीस, छात्रावास शुल्क, शैक्षिक सामग्री आदि के लिए किया जा रहा है। इन बच्चों को एकमुश्त वितरित किए जाने की उम्मीद नहीं है, बल्कि केवल उन्हें जो अदालत द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार आर्थिक मदद दी जा रही है अदिति तटकरे ने कहा कि कोरोना काल में जिन बच्चों के माता-पिता में से एक या दोनों की मृत्यु हो गई है, उन्हें चाइल्ड केयर योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है और चाइल्ड केयर योजना में सब्सिडी बढ़ाकर 2250 रुपये प्रति माह कर दी गई है.इस योजना के क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 में सम्पूर्ण बजट 54 करोड़ 84 लाख वितरित किया जा चुका है। साथ ही इस योजना के लिए 136 करोड़ 13 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई है.

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 29 जुलाई 2023



# शादी के चक्कर में लूट गई महिला... अकाउंट से ट्रांसफर कर दिए 12 लाख 50 हजार

**मुंबई :** कांजूरमार्ग पुलिस ने एक फाइनांस कंपनी में सीनियर एक्जिक्यूटिव के तौर पर कार्यरत महिला की शिकायत पर धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के मुताबिक आरोपी ने महिला को फोन कर पहले शादी का प्रस्ताव रखा और फिर जब दोनों की पहचान गहरी हुई तब बहाने बताकर महिला से पैसों की मांग की। फिर अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोपी ने महिला को फोन कर कहा कि उन दोनों की




मुलाकातjeevÔ»»fsÔthi.comनामक वेबसाइट के जरिए हुई थी। जिसका हवाला देते हुए आरोपी ने महिला से अपनी पहचान बढ़ाई और फिर बाद में अपना अकाउंट फ्रीज होने का बहाना कर महिला के अकाउंट और दो क्रेडिट कार्ड से पैसे लिए। कुछ दिनों में पैसे वापस करने का बहाना कर आरोपी ने महिला के पास से बारह लाख पच्चास हजार रुपए ले लिए। लेकिन बताए गए समय के अनुसार महिला को पैसे नहीं दिए और अपना नंबर बंद कर फरार हो गया। महिला पर अपना विश्वास पैदा करने के लिए, आरोपी ने पहले फोन और वीडियो कॉल से मीठी-मीठी बातें की और फिर पैसे लेने के बाद वह फरार हो गया।

जैसे ही दोनों के बीच पहचान आगे बढ़ी दोनों एक दूसरे से बातचीत करने लगे, तब आरोपी ने महिला से कहा कि उसे बिजनेस में पैसे की जरूरत है। अब उसका अकाउंट भी फ्रीज कर दिया गया है। जिसकी वजह से वह पैसे का इस्तेमाल नहीं कर सकता है। फिर उसने महिला से पैसों की मांग की, जिसके बाद महिला ने आरोपी द्वारा दिए गए अकाउंट नंबर पर एक के बाद एक अपने अकाउंट से पहले नौ लाख 80 हजार ट्रांसफर किए इसके बाद 2 लाख 70 हजार उसके पास मौजूद क्रेडिट कार्ड से ट्रांसफर किए।

### बातचीत के बाद शादी का ऑफर...

**पुलिस ने बताया कि आरोपी ने महिला से लगातार बातचीत जारी रखा और एक दिन तेलुगु भाषा में बात करते हुए महिला से कहाकीjeevÔ»»fsÔthi.comपरउसमहिला ने जो अपनी फोटो डाल रखी है वह उसे बेहद पसंद है। इसलिए वह महिला से शादी करने की चाहत रखता है। महिला को आरोपी की बातचीत पसंद आ गई। इसके अलावा आरोपी ने बैंक स्टेटमेंट की फोटो और उसके बिजनेस की जानकारी महिला को दी। जिससे महिला और भी प्रभावित हो गई, शादी को लेकर दोनों के बीच बातचीत बढ़ने लगी थी।**

### जीवन साथी डॉट कॉम से पहचान का हवाला

**पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में महिला ने कहा है कि उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर सूर्य पर्वथानानी नामक यूजर ने हाय लिखकर मैसेज किया और कहा कि अपनी मुलाकात जीवनसाथी ऐप के जरिए हुई थी। मेरा अकाउंट डिलीट होने की वजह से हमारी बातें नहीं हो पा रही थी। अपना मोबाइल नंबर दो मैं तुम्हें फोन करता हूं। जिस पर महिला को विश्वास हो गया और फिर उसने इंस्टाग्राम पर बात करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच मोबाइल नंबर शेयर किया गया। मोबाइल के जरिए यह दोनों आपस में बातचीत करने लगे थे।**

# एनसीआरबी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक ११ लाख से ज्यादा महिलाएं लापता

**मुंबई :** बीते दो सालों में हिंदुस्थान में करीब ११ लाख से ज्यादा महिलाएं लापता हुई हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, सबसे ज्यादा महिलाएं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से गायब हुई हैं। आंकड़ों के मुताबिक, सिर्फ २०२१ में ही १८ साल से कम उम्र की ९० हजार से ज्यादा लड़कियां और १८ से अधिक उम्र की पौने चार लाख से अधिक महिलाएं लापता हुई थीं।आंकड़ों के मुताबिक, साल २०१९ में मध्य प्रदेश में ५२ हजार ११९, २०२० में ५२,३५७ और २०२१ में ५५,७०४ महिलाएं गायब हुईं। कुल मिलाकर २०१९ से २०२१ के बीच देश से १० लाख ६१ हजार ६४८ महिलाएं गायब हुई थीं। इसी दौरान २ लाख ५७,४३० लड़कियां भी गायब हुई हैं। १८ साल से कम उम्र की लड़कियों (नाबालिग) के लापता होने के मामलों की संख्या सबसे ज्यादा प. बंगाल में है। १३,२७८ लड़कियां २०२१ में गायब हुई हैं।




२०२१ में जारी सूची में भी शीर्ष तीन स्थानों पर क्रमशः मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल थे। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, दर्ज किए गए कुल ३५,९८१ लापता मामलों में से १६,६०८ पीड़ितों को बचाया गया है या उनकी पहचान की गई है, जबकि १९,१७५ पीड़ितों का अभी तक पता नहीं चला है। सामाजिक कार्यकर्ता एसएम मराठे के मुताबिक, अधिकांश लड़कियों के घर छोड़ने की मुख्य वजह अंतरजातीय प्रेम विवाह है। इसी तरह एआरझेड नामक एनजीओ के अरुण पांडे के मुताबिक मानव तस्करी भी एक मुख्य कारण है, इसमें ज्यादातर अंतरराज्यीय गिरोह शामिल हैं। ये गिरोह, महिलाओं को श्रम या यौन व्यापार में धकेलते हैं।

# मुंबई में दिल दहला देने वाली घटना, सांप काटने से मासूम बच्ची की मौत



**मुंबई :** महाराष्ट्र के पेन से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल यहां एक बच्ची को सांप के काटने से उसकी मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बारह साल की इस बच्ची का नाम सारा ठाकुर है। जी हां दरअसल उसे जहरीले मन्यार सांप ने काट लिया था। लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। सारा की मौत से गांव में मातम पसर गया है ऐसे में अब ग्रामीणों का आरोप है कि सारा की मौत के लिए स्वास्थ्य विभाग जिम्मेदार है।


**समय पर नहीं मिला इलाज**

इस दिल दहला देने वाली घटना के बारे में अधिक जानकारी यह है कि सारा ठाकुर को मन्यार जाति के एक जहरीले सांप ने काट लिया था। आपको बता दें कि यह घटना पेन तालुका के जीते गांव में हुई। सांप काटने के बाद उसे इलाज के लिए पेन उपजिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां इलाज नहीं मिलने के कारण उसे पेन के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

**सांप ने मासूम को उतारा मौत के घाट**

लेकिन वहां इलाज भी नहीं हुआ। इसके बाद उन्हें अलीबाग जिला अस्पताल और फिर कलंबोली अस्पताल ले जाया गया, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण सारा की मौत हो गई। अगर उसे समय पर इलाज मिलता तो उसकी जान बच सकती थी, लेकिन दुर्भाग्य से उसका इलाज न हो सका जिसके चलते उसकी मौत हो गई। ऐसे में अब इस दर्दनाक घटना से सारा की मौत से गांव में मातम पसर गया है।

# मरीन लाइन इलाको में कोस्टल रोड बना जल जमाव का कारण



**मुंबई :** मुंबई में भारी बारिश की पहले ही चेतावनी मौसम विभाग ने दे दी थी। बुधवार की शाम रेड एलर्ट जारी किया गया था जो गुरुवार की सुबह 8 बजे तक था लेकिन मौसम विभाग ने गुरुवार की सुबह को अगले चौबीस घंटे के लिए रेड एलर्ट जारी किया गया। मुंबई में बुधवार की रात में बारिश तो नही हुई लेकिन सुबह से भारी बारिश शुरू हुई जिसका जोर पूरे दिन बना रहा है।गुरुवार को मरीन लाइन परिसर में पानी भरने की घटना घटी। कोस्टल रोड के कारण इस परिसर में पानी भरने का आरोप लगा। बता दे कि कोस्टल रोड के कारण इस परिसर में पानी भरने लगा है। पानी निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन कोस्टल रोड के कारण खराब हो गई है। कोस्टल रोड के लिए किए गए पत्थरों के भराव से पानी निकासी के लिए बिछाई गई पाइप लाइन दब गई है जिससे पानी तेजी से नही निकल पा रहा है जिससे और परिसर में पानी भरने की घटना घटी । यही कारण है कि पश्चिम रेलवे के मरीन लाइन से चर्चगेट इलाको तक जगह जगह पानी भर गया था रेलवे की पटरियों पर भी पानी भर गया था।बारिश रुक रुक कर होने के कारण भरा हुआ पानी निकल जा रहा था जिससे पश्चिम रेलवे की सेवा पर कोई फर्क नहीं पड़ा।दोपहर के समय तो ऐसा लग रहा था कि पश्चिम रेलवे के मरीन लाइन और चर्चगेट के बीच पटरी पर पानी भर जाएगा ।

चर्चगेट और मरीन लाइन के बीच में इ रोड , एफ रोड और जी रोड पर पानी भर जाने की घटना घटी।स्थानीय लोगो का आरोप है कि बारिश का पानी इस इलाको में कोस्टल रोड के काम शुरू होने के बाद यहां भरने लगा जबकि मनपा प्रशासन आरोपों को ठुकरा दे रही है। इस इलाके में भारी पानी जमा होने के कारण लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे थे जिससे उनका रोष व्याप्त था। रेलवे अधिकारियों ने भी कहा कि इस परिसर में पानी ड्रेन में जाने के बजाए रोड पर जमा हो रहा है जिससे पटरियों पर पानी जमा हो रहा था । कोस्टल रोड के अधिकारियो का कहना है कि जिन स्थानों पर पानी की निकासी नहीं हो रही है वहा पर कोस्टल रोड का काम नहीं चल रहा है।भाजपा की पूर्व नगरसेविका हर्षिता नारवेकर ने कहा कि कफ परेड इलाको गणेश नगर ,मूर्ति नगर, अंबेडकर नगर में भी पानी भरने लगा है जबकि इन इलाको में पहले पानी नहीं भरता था।पानी भरने के नए स्पॉट तैयार होने का आरोप लगाया जा रहा है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी स्पेशल रिवॉर्ड से हुए सम्मानित

**वसई :** जुन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मचारियों को मीरा-भाईंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के पुलिस कमिश्नर मधुकर पांडेय ने प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया है। यह सम्मान पत्र मासिक अपराध समीक्षा बैठक में दिया गया है। बताया गया है कि अपराध समीक्षा बैठक (27 जुलाई ) में उत्तन पुलिस स्टेशन के ( सीनियर पुलिस निरीक्षक ) दादाराम सुभाष करांडे,मध्यवर्ती क्राइम प्रकटीकरण ब्रांच (पुलिस निरीक्षक) राहुल राख,क्राइम ब्रांच युनिट 2 वसई (पुलिस निरीक्षक) शाहूराज रनवरे,एंटी नारकोटिक्स सेल (पुलिस निरीक्षक ) अमर मराठे,माणिकपुर पुलिस स्टेशन (सीनियर पुलिस निरीक्षक) संपतराव पाटिल,वालीव पुलिस स्टेशन (सीनियर पुलिस निरीक्षक) कैलाश बर्वे व अनार्ला पुलिस स्टेशन (सीनियर पुलिस निरीक्षक) कल्यानराव करपे को प्रशस्ति- पत्र व पुरस्कार देकर उनको सम्मानित किया है।



# अधिकारियों के सवाल में फंसी महिला... फर्जी पासपोर्ट का हुआ खुलासा

**मुंबई :** महज एक सवाल ने ब्रिटेन जा रही महिला को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया और फर्जी पासपोर्ट का खुलासा हो गया। पुलिस इस मामले की जांच करने में जुटी हुई है कि महिला में पासपोर्ट कहां से बनवाया है। इमिग्रेशन अधिकारी ने महिला से पूछा कि वह ठाणे में कहां रहती है। लेकिन इसकी जानकारी उसके पास नहीं थी। इसलिए अधिकारी को उसपर संदेह हुआ और फिर उसे सहार पुलिस थाने ले जाया गया। जहां फर्जी पासपोर्ट बनाने को लेकर पूजाबहन मेहता पर एफएआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मेहता इमिग्रेशन अधिकारी के सवाल पर हक्का भक्का राह गई। क्योंकि वह ठाणे और मुंबई की भगैलिक जानकारी देने में विफल रही। अधिकारी तुरंत यह पता लगाने में सक्षम हो गए कि मेहता ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके पासपोर्ट प्राप्त किया था। आगे की पूछताछ से अधिकारियों को यह जानने में मदद मिली कि महिला गुजरात की रहने वाली है और उसके पास वहां से जारी पासपोर्ट भी है। सहार पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि महिला के पास दूसरा फर्जी पासपोर्ट क्यों है, जबकि उसके पास असली पासपोर्ट है।



## फर्जी पासपोर्ट में थाने की रहनेवाली थी महिला

**पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मेहता को बुधवार को तब गिरफ्तार किया गया जब इमिग्रेशन अधिकारियों ने उसे आगे की जांच के लिए और उस एजेंट का विवरण प्राप्त करने के लिए पुलिस को सौंप दिया। जिसने उसे फर्जी पासपोर्ट प्राप्त करने में मदद की थी। जानकारी के मुताबिक फर्जी पासपोर्ट में उसका नाम राखीबेन कमलेश और उसका पता ठाणे (पश्चिम) में लोकमान्य नगर बताया गया था। लेकिन वह वास्तव में गुजरात के वलसाड जिले के उमरगांव की रहने वाली थी।**

## वीजा न मिलने के कारण बनाया नकली पासपोर्ट

**जांच के दौरान इमिग्रेशन अधिकारियों को पता चला कि मेहता ब्रिटेन के लिए प्रस्तान करना चाहती थी। उसने पुलिस को बताया गकी उंसके पास एक और पासपोर्ट है जो गुजरात का है। उसपर उसे यूके जाने के लिए वीजा नहीं मिला। इसलिए उसने फिर फर्जी पासपोर्ट बनाया और ब्रिटेन का वीजा प्राप्त कर वहां जाने की कोशिश कर रही थी। पुलिस अब उस एजेंट की तलाश कर रही है जिसने 10 नवंबर, 2022 को राखीबेन कमलेश के नाम पर जारी किए गए फर्जी पासपोर्ट में मेहता की मदद की थी।**


# आरपीए ने 2022 से 2023 तक 806 वाहनों पर किया करवाई 192 चोरों को किया गिरफ्तार

**वसई :** रेल यात्रियों व रेल परिसरों की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ के कंधे पर रहती हैं। आरपीएफ रेलवे स्टेशन व परिसरों की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा को पहली प्राथमिकता देती है। यही कारण है कि पश्चिम रेलवे अंतर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) द्वारा आए दिन यात्रियों सुरक्षा को लेकर विभिन्न अपराधों में शामिल अपराधियों को पकड़ कर रही है। वही रेल यात्रियों को आने जाने में किसी प्रकार की तकलीफ न हो उसके लिए अनधिकृत वाहनों पर कार्रवाई भी कर रही है। आरपीएफ नालासोपारा व विरार आरपीएफ ने वर्ष 2022 से 2023 अबतक 806 अनधिकृत वाहनों पर कार्रवाई कर चुकी है और 192 चोरो को पकड़कर उन्हें जीआरपी (वसई) को सौंप दी है। इन चोरों की गिरफ्तारी से कई अपराधों का खुलासा भी हुआ है। बातदे



कि, देश में अपराधों पर काबू पाने के लिए पुलिस महकमा व सरकारें हर तरह की कोशिश करती हैं।आरपीएफ तीसरी आंख से अपराधियों पर नजर रखी हुई है। जिसके कारण अपराधियों को पकड़ने के लिए आरपीएफ को आसानी हो रही है। विरार आरपीएफ निरीक्षक (विनीत कुमार) व नालासोपारा आरपीएफ (राजीव सिंह सलारिया ) के नेतृत्व में आरपीएफ द्वारा विरार स्टेशन पार्किंग क्षेत्र में अनाधिकृत दुपहिया वाहनों के खिलाफ वर्ष 2022 में 225 व वर्ष 2023 में अबतक 168 तथा नालासोपारा रेलवे परिसर में अनधिकृत वाहनों पर वर्ष 2022 में 338 व 2023 में अबतक 75 वाहनों पर कार्रवाई की गयी है।

# हिरण का खोपड़ी और सिंग बेचने पहुंचे टिल लोग गिरफ्तार...



**मुंबई :** डीएन नगर पुलिस ने मंगलवार को तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए, उनके पास से लुप्तप्राय प्रजाति के हिरण की खोपड़ी और सींग बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को अंधेरी के इलाके से उसवक्त गिरफ्तार किया जब वे खोपड़ी और सिंग बेचने के लिए पहुंचे थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों की पहचान मनोज बाराप उर्फ भूत्या (24), हर्ष दुबे (22) और आशितोष सूर्यवंशी (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि बाराप संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के अंदर नवापाड़ा में रहने वाला एक आदिवासी है, अन्य दो बोरीवली के काजूपाड़ा के निवासी हैं और सफेदपोश नौकरी करते हैं। सहायक पुलिस निरीक्षक राकेश पवार को गुप्त सूचना मिली थी, जिसपकर कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि कुछ लोग अंधेरी के गुलमोहर क्रॉस रोड पर एक सांभर हिरण की खोपड़ी और सींग बेचने की कोशिश कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मिलिंद कुराडे के नेतृत्व में एक टीम को उस जगह पर भेजा गया। डीएन नगर डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त शशिकांत माने ने बताया कि हमने तीन लोगों को हिरण के खोपड़ी और सिंग के साथ पकड़ा है। जिसकी कीमत खुले बाजार में 20 लाख रुपये बताई जा रही है।

पूछताछ के दौरान, तीनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हिरण का क्षत-विक्षत शव कुछ महीने पहले बाराप ने उनके गांव के पास बहने वाली एक धारा के पास देखा था। पुलिस को बताया कि हिरण पर्यटकों द्वारा छोड़े गए कुछ प्लास्टिक के कूड़े को खाने के बाद मर गया था। उसे जो हड्डियाँ मिलीं, उसने उन्हें साफ किया और रख लिया। फिर उन्होंने अपने दोस्तों को भी इसके बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी चीजों से लोगों के पास से अच्छा पैसा मिल सकता है।

# सरकार की बेरुखी से मोखाड़ा, डहाणू तलासरी, जव्हार जैसे आदिवासियों के गांवों में लोग यातनाओं भरा जीवन जीने को मजबूर

**पालघर :** गांव से गांव जोड़ने के लिए सड़क निर्माण की बात सरकारों द्वारा की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम तो दूर, ऐसे मार्गों को स्वीकृति भी नहीं मिल पाती है। ग्रामीणों से मिलने वाली शिकायतों के बाद विभाग द्वारा उनका प्रस्ताव बनाकर शासन को तो भेज दिया जाता है, लेकिन यह प्रस्ताव सिर्फ फाइल में दबकर रह जाते हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों को बदहाल मार्गों से आवागमन करना पड़ता है। अब तो आदिवासियों की आस भी टूट गई है।

पालघर में सड़कों के निर्माण के लिए १४१ प्रस्ताव भेजे गए थे, जिनमें से अभी भी ११४ प्रस्ताव सरकारी फाइलों में दबकर धूल फांक रही हैं। सरकार की बेरुखी से मोखाड़ा, डहाणू तलासरी, जव्हार जैसे आदिवासियों के गांवों में लोग यातनाओं भरा जीवन जीने को मजबूर हैं। बता दें कि आजादी के ७५ साल बाद भी पालघर जिले के कई इलाकों में आदिवासियों को सड़क, पानी और स्वास्थ्य जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं मिली हैं। आज भी यहां के आदिवासियों को सड़क न होने के कारण कई किमी.



अस्पताल तक पैदल जाना पड़ता है। सड़क के चलते मातृ मृत्यु और बाल मृत्यु दर में बढ़ोतरी के बाद भी प्रशासनिक तंत्र और जनप्रतिनिधि जागते नहीं दिख रहे हैं। जिले के ग्रामीण इलाकों में कई गांव तक सड़क न होने के कारण एंबुलेंस वहां नहीं पहुंच पाती है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए डोली में ले जाना पड़ता है और कभी कभी देर से अस्पताल पहुंचने के कारण मरीज की मौत हो जाती है। ऐसी घटनाएं हर साल होती दिखाई देती है। ग्रामीणों का कहना है कि कुंभकर्णी नींद में सोए शासन प्रशासन जल्द सड़क निर्माण का कार्य शुरू करेगा इसकी उम्मीद कम ही है।

सुविधाओं के अभाव में गर्भवती महिलाओं को रिश्तेदारों के यहां जाना पड़ता है। आदिवासी क्षेत्रों में कई गांवों में गर्भवती महिलाएं प्रसव की तारीख नजदीक आने पर अपने रिश्तेदारों के यहां रहने चली जाती हैं। इससे जिले की बदहाल व्यवस्था का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। पालघर जिले में कुल ९०४ गांव और ३,९४९ पाड़ा (छोटे गांव) हैं, जिनमें से ९ गांव और १५५ पाड़ा अभी भी मुख्य सड़क से नहीं जुड़े हैं, जिनकी आबादी हजारों में है।

# महावितरण विभाग के 2 कर्मचारी निलंबित

**वसई :** तुलिज पुलिस स्टेशन अंतर्गत प्रगति नगर इलाके में महावितरण की लापरवाही के चलते एक 33 वर्षीय व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई थी। महावितरण ने विभागीय जांच पड़ताल के बाद दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर का रहनेवाला आशीष द्वारिकानाथ शर्मा (33) नामक व्यक्ति 2 जुलाई की रात लगभग 9 बजे के आसपास सड़क पर पैदल जा रहा था।

# लॉरेंस बिश्नोई का खास शूटर विक्रम बराड़ यूएई से गिरफ्तार

**मुंबई :** बॉलीवुड में 'डी' कंपनी की तरह अपनी 'एल' कंपनी का दबदबा बनाने का मंसूबा पालनेवाले कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के खास शूटर विक्रम बराड़ को एनआईए ने यूएई से गिरफ्तार कर लिया है। विक्रम बराड़, लॉरेंस बिश्नोई की मदद से हथियारों की तस्करी में लिप्त था। आतंक, गैंगस्टर, तस्कर सहित कुल ११ मामलों में फरार विक्रम बराड़ उर्फ विक्रमजीत सिंह सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी शामिल था। सूत्रों



के मुताबिक, पूछताछ में विक्रम बराड़ ने बताया है कि लॉरेंस बिश्नोई बॉलीवुड पर अपनी 'एल' कंपनी का सिक्का जमाना चाहता है, जिसमें उसने लॉरेंस की बहुत मदद की है। लॉरेंस के कहने पर ही उसने सलमान खान को धमकी दी थी। लॉरेंस का ब्रेन कहे जानेवाले गोल्डी बराड़ से भी विक्रम के संबंध हैं।



# प्रधानमंत्री किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत:मुख्यमंत्री

## प्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 680 करोड़ रूपए से अधिक अंतरित किए

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुए किसान सम्मेलन में शिवराज सिंह चौहान वर्चुअली हुए शामिल

**भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राजस्थान के सीकर में हुए किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निवास कार्यालय, समत्व भवन से वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने देशभर के किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान योजना की 14वीं किस्त जारी की। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 680 करोड़ रूपए से अधिक की राशि अंतरित की गई।**



इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने किसान कल्याण के लिए कई नई गतिविधियों का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 1 लाख 25 हजार किसान समृद्धि केन्द्र राष्ट्र को समर्पित किए। ये केन्द्र उर्वरक, बीज, उपकरण, मिट्टी परीक्षण जैसी सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसानों को जागरूक करने और उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने का कार्य भी करेंगे।

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी की किसान कल्याण गतिविधियों के लिए उनका आभार माना । मुख्यमंत्री चौहान ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएं व्यक्त करता हुआ लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर योजनाबद्ध तरीके से प्रयास कर रहे हैं। आज उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की लगभग 18 हजार करोड़ राशि सीधे देश के किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित कर अन्नदाता की समृद्धि का नव-मार्ग प्रशस्त किया है। उनका प्रदेश और देश के किसानों की ओर से हृदय से आभार।

### पीएम किसान समृद्धि केन्द्र आधुनिक खेती के लिए होंगे उपयोगी

मुख्यमंत्री चौहान ने अपने ट्वीट में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में 1.25 लाख 'पीएम किसान समृद्धि केंद्रों' की शुरुआत कर अन्नदाता को ऐसा उपहार दिया है, जिससे किसान को खाद, बीज और कृषि यंत्रों के लिए कहीं और जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी । आधुनिक खेती के लिए की इस केंद्र से जानकारी मिलेगी । ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) की सुविधा प्रारम्भ होने से अब देश के किसी भी कोने में बैठे किसान को अपनी उपज को बाजार तक पहुँचाना और भी आसान हो जायेगा । ऐसे अभिनव और रचनात्मक प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री जी का अभिनन्दन है । प्रधानमंत्री मोदी सब्सिडी के रूप में एक बड़ी राशि खर्च कर देश के किसानों को तुलनात्मक रूप से कम दर पर यूरिया उपलब्ध करा रहे हैं, जो अन्य देशों में यूरिया की कीमतों से बहुत कम है । किसानों के कल्याण के निरंतर प्रयास के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार ।




# सीबीआई करेगी मणिपुर वायरल वीडियो मामले की जांच

## वीडियो बनाने वाला फोन भी बरामद, 35 हजार जवान तैनात

**नई दिल्ली।** मणिपुर में आदिवासी महिलाओं को नग्न परेड कराने के मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को सौंपी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने गुरुवार को ये जानकारी दी। हिंसाग्रस्त मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरे देश में आक्रोश है। विपक्षी दल सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने शीर्ष सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर वायरल वीडियो मामले की सुनवाई मणिपुर से बाहर कराने का भी अनुरोध करेगी। इसके अलावा, जिस मोबाइल फोन से मणिपुर की महिलाओं का वायरल वीडियो शूट किया गया था, उसे बरामद कर लिया गया है और वीडियो शूट करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह मोबाइल फोन सीबीआई को सौंप दिया है।

### 35 हजार जवान तैनात

रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसा माना जा रहा है कि जिस फोन से दरिंदगी का वीडियो लीक किया गया था, उसकी जांच से सिलसिलेवार घटनाओं का पता लगाया जा सकेगा । ये केस को सीबीआई को सौंपा जा रहा है । शीर्ष सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार ने कुकी और मैतेई समुदायों के सदस्यों के साथ कई दौर की बातचीत की है । प्रत्येक समुदाय के साथ छह दौर की बातचीत हुई । पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा रोकने और शांति व्यवस्था बनाने के लिए सेना व **CRPF** के 35 हजार जवान तैनात किए गए हैं । सूत्रों ने कहा कि मणिपुर में सेना, **CRPF** और **CAPF** के 35000 अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं ।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के अनूपपुर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

अनूपपुर । जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष मयंक त्रिपाठी द्वारा नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया एवं राष्ट्रीय सचिव संभागीय प्रभारी संजय कपूर का आत्मीय स्वागत करते हुए शाल एवं श्रीफल भेंट कर नर्मदा जी की प्रतिमा भेंट कर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ महामाला से स्वागत किया । विदित है कि आगामी 8 अगस्त को राहुल गांधी जी के व्यवहारी आगमन को लेकर के यह तैयारी बैठक के लिए पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर जी का अनूपपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में आगमन से पूर्व जगह जगह पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया मयंक त्रिपाठी ने भी सर्किट हाउस में सेक्टर के सभी अध्यक्षों के साथ स्वागत किया एवं जिला कांग्रेस कार्यालय में महा माला पहना कर के स्वागत किया । तत्पश्चात चाय पीने के लिए कार्यकारी अध्यक्ष के आवास पहुंचे वहां पर भी मयंक त्रिपाठी द्वारा दोनों नेताओं का साल श्रीफल एवं नर्मदा जी की प्रतिमा भेट कर आत्मीय स्वागत किया ।

# दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनपद का होगा घेराव: ॠषिराज

## रामपुर नैकिन जनपद में सामान्य सभा की बैठक आयोजित

**सीधी।** जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की सामान्य सभा की बैठक में सीएम के कार्यक्रम के नाम पर ग्राम पंचायतों द्वारा फर्जी राशि आहरण करने के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बैठक में सभी सदस्यों ने एक मत होकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किए और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर नैकिन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि एक हफ्ते के अंदर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य जनपद कार्यालय का घेराव करेंगे।

बैठक में संचार एवं सकर्म समिति के सभापति अरुण शेखर त्रिपाठी ने उक्त मामले को उठाते हुए कहा कि 15 वें वित्त मद में टाइट अनटाइट का पालन न करते हुए ग्राम पंचायतों ने आयोजन एवं कार्यक्रम के नाम पर फर्जी तरीके से लाखों रुपए निकाल लिए हैं। जिस पर जनपद उपाध्यक्ष ॠषिराज मिश्रा ने कहा कि यदि एक हफ्ते के अंदर मुख्यमंत्री को बदनाम करने वाले व उनके नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले सचिवों पर कार्रवाई नहीं हुई तो जनपद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला साकेत, उपाध्यक्ष ॠषिराज मिश्र, कृषि स्थाई समिति की सभापति श्रीमती सीमा पाण्डेय ने किसानों के लिए वर्ष 2023-24 में बीज का प्राप्त आबंटन और वितरण की जानकारी लेते हुए शीघ्र किसानों को बीज वितरण करने की बात कही। महिला बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती करुणा धनंजय सिंह ने हाल ही में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की नियुक्ति में हुई गड़बड़ी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नियमानुसार पात्र आवेदिकाओ का चयन किया जाए। बैठक में जैव विविधता समिति की सभापति श्रीमती अंकिता सीएस सिंह की ओर से उपाध्यक्ष ॠषिराज मिश्रा ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि जनपद क्षेत्र 16 घुंघुटा अंतर्गत ग्राम डिठौरा से खैरा मार्ग बहुत खराब है।



जिसमें 2 नग छोटी पुलिया निर्माण बनाने हेतु प्रस्ताव ग्राम सभा द्वारा सहायक यंत्री को तकनीकी स्वीकृति हेतु भेजा गया था उन्होंने स्थल निरीक्षण भी किया लेकिन 2 दिन बाद प्रक्लन मूलतः वापस कर दिया। ऐसी स्थिति में यह व्यवहार अत्यंत निंदनीय मानते हुए तकनीकी अमले के खिलाफ उपाध्यक्ष ॠषिराज मिश्र द्वारा निंदा प्रस्ताव पेश किया गया। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया और काफी गहमा गहमी के बीच तकनीकी अमले का बहिष्कार कर कुछ देर के लिए बाहर आ गए और जनपद अध्यक्ष के अनुरोध में बैठक पुनः प्रारंभ हुई। जिसमे सभापति प्रभा विश्वकर्मा द्वारा बताया गया की माह मार्च से रोजगार सहायकों के वेतन अभी तक जारी नही किए गए। सावन मास चल रहा त्यौहारों का समय है और तीन दिवस के अंदर सभी रोजगार सहायकों का वेतन भुगतान कराया जाए। इसके साथ ही श्रीमती विश्वकर्मा ने प्रस्ताव रखा कि ईओएल सर्वे की राशि, सर्वे कार्य में लगे लोगो का भुगतान एनआरएलएम के द्वारा रोंक दिया गया है।

बैठक में सहकारिता उद्योग समिति के सभापति महेंद्र भदौरिया द्वारा प्रस्ताव रखा गया की सभी उचित मूल्य की दुकानों में वर्षो से जमे विक्रेताओं को अन्यत्र हटाया जाए जिससे आम आदमी को उसका हक मिल सके। उपस्थित सदस्यों में उर्मिला साकेत,आशीष अग्निहोत्री, राधा यादव, शांति कोल, मीनू प्रजापति, सिवकुमारी सिंह, सुषमा कुशवाहा, हीराकुमार सिंह, उमेश जैसवाल आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

मोहर्रम के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक

# सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर, एडीएम बोले- शांति और सौहार्द से मनाएं त्यौहार



**छतरपुर।** अपर कलेक्टर नम- शिवाय अरजरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण मनाए जाने और व्यवस्थाओं के दृष्टिगत बुधवार शाम शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एएसपी विक्रम सिंह सहित समिति के सदस्य गणमान्य नागरिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे और सर्वसम्मति से अहम निर्णय लिए गए। बैठक में बताया गया कि मोहर्रम पर छतरपुर नगर में मुख्यतः ताजिए 28 जुलाई से रात्रि 9.30 बजे बड़ी तकिया से उठना प्रारंभ होकर सबनीगर शुक्लाना होत हुए 12 बजे तक तक गांधी चौक-बाजार पहुंचेगें। इसके बाद महल चौक होते हुए वापस 4 बजे सुबह तक अपने मुकाम पर पहुंचेंगे। 29 जुलाई को दोपहर 4 बजे ताजिए पूर्व दिवस अनुसार महल चौक होते हुए कर्बला रवाना होंगे। साथ ही शाम 7 बजे से अलाव का कार्यक्रम होगा। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, 100 नंबर व 108 वाहन कार्यक्रम समाप्ति तक उपलब्ध रहे तथा पुलिस को कानून व्यवस्था, नगरपालिका एवं होमगार्ड को विसर्जन स्थल पर तैराकों एवं पर्याप्त प्रकाश, स्वच्छता, पेयजल आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपीईबी को भी ताजिए के रूट का भ्रमण कर विद्युत तारों आदि के विधिवत शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालाजी मंदिर एवं बड़कुल चौक के पास डीपी के तारों को सुरक्षात्मक दृष्टि से शिफ्ट करें। साथ ही आबकारी को अवैध शराब के विक्रय पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान सदस्यों से जुझाव भी लिए गए। एएसपी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि कार्यक्रम में कानून व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपस्थित रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल द्वारा नजर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली पोस्ट न डालें। शांति और सौहार्द से पर्व को मनाएं। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। नियमों का उल्लंघन कर सामाजिक दुर्व्यवहार करने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। ताजिए के साथ स्वयंसेवक पहचान पत्र पहनें। साथ ही लाउडस्पीकर नियंत्रित आवाज में बजाएं। उन्होंने ट्रैफिक प्रभारी को भी दो एवं चार पहिया वाहनों के चलन को व्यवस्थापक तरीके से कराने के निर्देश दिए।



इंदौर की सबसे पुरानी फलाहारी खिचड़ी की कहानी

# बाजार में खड़े होकर खिचड़ी खाने से झिझकते थे लोग; पीएम मोदी भी कर चुके हैं तारीफ



**इंदौर।** जायका में आज बात करेंगे इंदौर के सराफा की फेमस सांवरिया खिचड़ी की। सावन सोमवार को इसकी ब्रिकी अपने ही रिकॉर्ड तोड़ देती है। यह शहर की सबसे पुरानी खिचड़ी दुकान के नाम से फेमस है। यह उस दौर की बात है जब लोग घर से बाहर फलाहारी खिचड़ी खाने से भी कतराया करते थे। बता दें, प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दौरान इंदौर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सराफा की खिचड़ी की तारीफ कर चुके हैं। यहां आठ से दस फ्लेवर में चिप्स के साथ खिचड़ी मिलती है। दुकान संचालक ओम सांवरिया बताते हैं कि दादाजी छोगालालजी व्यास राजस्थान से रोजगार की तलाश में इंदौर आए थे। 40 साल पहले 1983 में गोवर्धन चौक पर कपड़ा मार्केट के पास पहली दुकान रसोई की खोली थी। उनके दोस्त रहे कन्हैयालालजी ने उन्हें फरियाली खिचड़ी बनाने की सलाह दी। पहले वे थोड़ा झिझके कि लोग उपवास का सामान बाजार में कैसे खाएंगे। तब उन्होंने कहा कि कोशिश तो करके देखना चाहिए। शुरूआत ऐसी हुई कि आज यह खिचड़ी की सबसे फेमस दुकान बन गई है। उपवासों पर इसकी डिमांड तीन गुना तक पहुंच जाती है। अब यह दुकान सराफा चौपाटी में है जहां देर रात तीन बजे तक भी ग्राहक आ जाते हैं। इंदौर में खाने-पीने के पुराने ठियों के साथ कई नए स्पॉट्स भी तेजी से उभरे हैं, इनमें कोई अलग स्वाद के लिए कोई अलग अंदाज के लिए खास है। जायका में हम इस बार लाए हैं सबसे बड़े बाफले की कहानी, जिसका नाम ही बिगेस्ट बाफला है। इसे एक महिला चलाती हैं। मेघदूत गार्डन के सामने चौपाटी पर बनने वाला यह बाफला काफी वजनी और बड़ा होता है। साथ में दाल, सब्जी, कढ़ी और चटनी का स्वाद भी घर जैसा। मध्यप्रदेश का जबलपुर। यहां भेड़ाघाट स्थित संगमरमरी चट्टानों को देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं। भेड़ाघाट तो दुनिया में प्रसिद्ध है ही। यहां की एक और चीज लोगों को दीवाना बना देती है। वह है बड़कुल की मावा जलेबी। जबलपुर के कमानिया गेट के पास %बड़कुल की जलेबी% पिछले 134 साल से भी ज्यादा समय से लोगों का मुंह मीठा कराती आ रही है। गरमा-गरम जलेबी के शौकीन यहां सुबह से ही आ जाते हैं। मिठाई में पेड़े की बात निकले तो मथुरा का पेड़ा याद आता है। हम आपको एमपी के ऐसे पेड़े के बारे में बता रहे हैं, जिसे जिसने खाया वो कभी भुला न सका। ये है हरदा के चतरू का पेड़ा। ये पेड़ा जिसने एक बार खा लिया, वो बार-बार जाता है। हरदा नहीं, बल्कि दूसरे शहरों के लोग भी इसके दीवाने हैं। चतरू को इसकी रेसिपी उनके मामा ने सिखाई थी। इसके बाद मामा शहर चले गए। अब हरदा में चतरू के पेड़े की चार ब्रांच हैं। इनका सालाना कारोबार एक करोड़ रुपए का है। इसके अलावा प्रदेश के करीब 10 शहरों में उनके पेड़े बेचे जा रहे हैं।

## सागर में युवाओं को रोजगार का अवसर

**सागर।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत सागर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को वैतनिक रोजगार दिलाने के लिए 27 जुलाई गुरुवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। कैंपस ड्राइव का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय सागर में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें ग्रोफास्ट डायमंड आग्रेनिक सागर, एलआईसी भारतीय जीवन बीमा निगम, जीएसएफ सिक्यूरिटी स्किल, वर्धमान यार्न टेक्सटाइल मंडीदीप भोपाल समेत अन्य कंपनियां हिस्सा लेंगी। कंपनियों के प्रतिनिधि कैंपस ड्राइव में आने वाले आवेदकों का साक्षात्कार लेंगे। जिसके आधार पर अलग-अलग पदों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। कैंपस ड्राइव में शामिल होने वाले इच्छुक युवा साक्षात्कार के लिए रोजगार कार्यालय का पंजीयन, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ लेकर पहुंचे।

गांजा खपाने आया तस्कर पकड़ा

# माल सप्लाई करने से पहले पुलिस के हाथ लगा, 10 किलो गांजा बरामद




**ग्वालियर।** ग्वालियर पुलिस ने चेकिंग के दौरान गाडर वाली पुलिया आरा मिल से गांजे की खेप लेकर आए तस्कर को धर दबोचा है। पकड़े गए तस्कर से पुलिस ने दस किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अफसरों का मानना है कि पकड़े गए तस्कर से पूछताछ के बाद उसके कुछ अन्य साथी भी हाथ आ सकते हैं। ग्वालियर के हजीरा थाना प्रभारी संतोष सिंह भदौरिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक तस्कर गांजे की खेप लेकर आने वाला है। सूचना पर एसआई मुनेन्द्र सिंह और थाने की एक टीम बनाकर चेकिंग लगाने व तस्कर को पकड़ने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस टीम ने आरामिल गाडर वाली पुलिया के पास चेकिंग पॉइंट लगाया। पुलिस चेकिंग कर रही थी कि तभी एक युवक पैदल आता दिखाई दिया, जो बैग टांगे हुए था। पुलिस को देखकर युवक पहले हड़बड़ाया और फिर रास्ता बदलकर जाने लगा। शंका होने पर पुलिस ने उसे रोकने के लिए आवाज लगाई तो युवक बैग छोड़कर भागने लगा। युवक को भागते देखकर पुलिस को शंका हुई और उसका पीछा कर पकड़ा। जब उसके बैग की तलाशी ली तो बैग में चार पैकेट गांजे के बरामद हुए गांजा बरामद होते ही पुलिस ने तस्कर को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब पकड़े गए तस्कर से पूछताछ कर उसके स्थानीय साथियों के साथ ही उसे गांजे की सप्लाई देने वाले की जानकारी जुटाने में जुट गई है। पुलिस अफसरों की माने तो पकड़े गए तस्कर से पूछताछ के बाद कुछ अहम सुराग मिल सकते हैं और इस गिरोह के कुछ अन्य सदस्य हाथ आ सकते हैं। पकड़े गए तस्कर ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम महेश राठौर पुत्र सत्यभान राठौर निवासी।पालीखेडा मथुरा बताया है। साथ ही बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह यात्री के गेटअप में आता है, जिससे पुलिस के हत्थे ना चढ़े।

# केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल को आया सेक्सटॉर्शन कॉल

**जबलपुर।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल को सेक्सटॉर्शन में फंसाने की कोशिश की गई। उनके फोन पर एक वीडियो कॉल आया, जिसे रिसीव करते ही उनके मोबाइल पर पोर्न क्लिप चलने लगी। उन्होंने तुरंत कॉल काटा। इसकी शिकायत दिल्ली क्राइम ब्रांच से की। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में राजस्थान से दो लोगों को पकड़ा है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण, उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री पिछले दिनों दिल्ली में अपने आवास पर थे। इसी दौरान ये घटना हुई। हालांकि आरोपी ब्लैकमेलिंग के मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने बताया कि कॉल रिसीव करते ही आरोपी ने तुरंत तीन फोटो डाले। मैंने तुरंत फोटोज कॉपी किए और क्राइम ब्रांच को शिकायत कर दी। 24 घंटे में आरोपियों को पुलिस ने ट्रैस कर लिया। उन्होंने अपील की है कि अगर इस तरह के फर्जी कॉल के जाल में कोई फंसता है, तो तत्काल पुलिस की मदद लेनी चाहिए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने मामले में राजस्थान के भरतपुर से आरोपी मोहम्मद वकील और मोहम्मद साहिब को गिरफ्तार किया हैं। दोनों सेक्सटॉर्शन करने वाली गैंग के सदस्य हैं।

श्रीपद्मावती वेंकटेश देवस्थान में झूला उत्सव 30 जुलाई से

# विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी, भगवान वेंकटेश को झूला झुलाकर भक्त करेंगे अपनी मनोकामना पूर्ण



**इंदौर।** एरोड्रम रोड पद्मावती वेंकटेश देवस्थान विद्या पैलेस कॉलोनी में 30 जुलाई से पांच दिवसीय झूला उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव 3 अगस्त तक मनाया जाएगा। आयोजन पुरुषोत्तम मास में मिलने वाले पुण्य लाभ और परम पूज्य बालक स्वामी केशवाचार्य महाराज के सानिध्य में होगा। मंदिर समिति के हरिकिशन साबू मनोहर सोनी और नितिन तापड़िया ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में पांच दिवसीय रसमयी झूला उत्सव की शुरुआत 30 जुलाई को भोपूजी की भजन संध्या से होगी। 1 अगस्त से 3 अगस्त तक शाम के समय पूज्य बालक स्वामी के विशेष प्रवचन होंगे। इसी श्रृंखला में 2 अगस्त को सुबह विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना होगी। विष्णु अर्चना उत्सव में सैकड़ों भक्त उपस्थित होंगे। इस अवसर पर भक्तजन ब्राह्मणों की सेवा का पुण्य लाभ भी लेंगे। झूला उत्सव 3 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। उत्सव के दौरान भगवान वेंकटेश का सुबह अभिषेक होगा। पूजन-अर्चन के बाद मंगलाआरती होगी। इसके बाद भगवान को झूले में बैठाकर श्रृंगार किया जाएगा। सुबह और शाम को स्वामीजी और भक्तों द्वारा झूला झूलाया जाएगा। भगवान को झूला झुलाकर सभी भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण करेंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होंगे।



# कावाला गाने के लॉन्च इवेंट में बोलीं तमन्ना, पैन इंडिया फिल्म नहीं है रजनीकांत स्टारर फिल्म 'जेलर'



**अभिनेत्री** तमन्ना भाटिया की फिल्म 'जेलर' के गीत 'कावाला' का हिंदी वर्जन 'तू आ दिलबरा' गुरुवार को धमाकेदार तरीके से मुंबई में लॉन्च किया गया। इस गाने की लॉन्चिंग पर तमन्ना भाटिया ने लाइव परफॉर्म करके अकेले ही महफिल लूट ली तो वहीं कुछ मीडिया कर्मियों के साथ भी गाने पर हुक स्टेप किया। फिल्म जेलर में रजनीकांत, मोहन लाल, राम्या कृष्णन और जैकी श्रॉफ जैसे दिग्गज सितारों ने काम किया है। इवेंट में तमन्ना व्हाइट कोर्सेट टॉप ग्रे ट्रॉउजर में पहुंची थीं, जिसमें वह काफी खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने के हिंदी वर्जन 'तू आ दिलबरा' पर लाइव परफॉर्मेंस दिया। उन्होंने गाने के बेहतरीन स्टेप्स किए। तमन्ना ने अपने डांस से फैंस को काफी इंप्रेस भी किया है। बता दें, कावाला सॉन्ग के तमिल गाने को शिल्पा राव ने गाया था, जबकि हिंदी वर्जन को सिंधुजा श्रीनिवासन ने बहुत ही खूबसूरती से गाया है और गाने को रकीब आलम ने लिखा है।

तमन्ना ने मीडिया से बातचीत में बताया कि गाने की शूटिंग के दौरान उन्हें पता चल गया था कि यह बेस्ट टीम है। उन्होंने कहा नेल्सन एक उम्दा डयरेक्टर हैं। जानी मास्टर हमारे कोरियोग्राफर थे, सबसे अच्छी बात यह थी कि मेरा और रजनी सर के साथ डांस करना एक जादुई पल से कम नहीं था। हम जानते थे कि हमारे पास एक अच्छा गाना है, लेकिन यह इतना बड़ा हो जायेगा इसकी उम्मीद नहीं थी। आमतौर पर फैंस गानों पर रील बनाते हैं, लेकिन इस बार मुझे कावाला पर रील बनाने की इच्छा हुई और यह जंगल की आग की तरह वायरल हो गई। जब से मैंने इसे पोस्ट किया है, तब से मेरा नोटिफिकेशन बंद ही नहीं हुआ है।''

## एक-दो नहीं, आठ सेलेब्स के दिल के तार छेड़ चुकीं हुमा कुरैशी, एक्ट्रेस को अब भी मिस्टर राइट का इंतजार

28 जुलाई 1986 के दिन दिलवालों के शहर दिल्ली में जन्मी हुमा कुरैशी अपनी अदाओं से लोगों के दिल लूटने में माहिर हैं. बता दें कि हुमा ने बॉलीवुड की दुनिया में कदम अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से रखा था. इस फिल्म से उन्हें पहचान भी मिली. अपनी अदाकारी से नाम कमाने वाली हुमा की चर्चा उनके अफेयर्स को लेकर भी काफी ज्यादा रही. बर्थडे स्पेशल में हम आपको हुमा की लव लाइफ से रूबरू करा रहे हैं. कहा जाता है कि हुमा ने जब बॉलीवुड में कदम भी नहीं रखा था, उस वक्त यानी साल 2007 के दौरान वह मनोज तंवर नाम के एक लड़के को डेट करती थीं.



# उड़िया एक्ट्रेस ने लगाया इंटीमेट वीडियो लीक करने का आरोप, फिल्म निर्माता के खिलाफ FIR

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में किसी अभिनेत्री की प्राइवेट तस्वीरें लीक होना एक आम बात है। आए दिन किसी न किसी के साथ ऐसी चीजें होती रहती हैं। ऐसा ही कुछ हाल ही में लोकप्रिय उड़िया अभिनेत्री के साथ भी हुआ। कथित तौर पर उड़िया अभिनेत्री ने एक फिल्म निर्माता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने उस निर्माता पर उनके इंटीमेट वीडियो और फोटो वायरल करने का आरोप लगाया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक्ट्रेस ने लक्ष्मीसागर पुलिस स्टेशन में शिकायत की है, जिसके तहत पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है।



कथित तौर पर, अभिनेत्री ने कहा कि निर्माता के साथ उनके अच्छे संबंध हैं और उनके इंटीमेट वीडियो कुछ साल पहले शूट किए गए थे। अपनी शिकायत में एक्ट्रेस ने रिश्ते में खटास आने के बाद प्रोड्यूसर पर उन्हें बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने उन्हें अन्य निर्माताओं के फिल्म प्रस्तावों को अस्वीकार करने के लिए मजबूर किया और उन परियोजनाओं के लिए भुगतान नहीं किया जो उन्होंने उनके साथ पहले की थीं। अभिनेत्री के वकील ने एक मीडिया संस्थान को बताया कि अभिनेत्री और निर्माता के दिल में कुछ समय तक एक साथ काम करने के बाद एक-दूसरे के लिए इमोशनंस डेवलप किए थे। हालांकि, जब उन्होंने अन्य निर्माताओं के साथ प्रोजेक्ट करना शुरू किया, तो उन्होंने आपत्ति जताई। इन सब बातों की वजह से दोनों के बीच लड़ाई-झगड़े बढ़ते चले गए और बात यहां तक पहुंच गई।

# शादी के बाद कियारा आडवाणी के पहले बर्थडे को सिद्धार्थ बनाएंगे बेहद खास?



**सिद्धार्थ** मल्होत्रा और कियारा आडवाणी बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक हैं। सिद्धार्थ और कियारा आडवाणी की प्रेम कहानी फिल्म 'शेरशाह' से शुरू हुई थी। दोनों की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया था। दोनों ने साल 2021 में एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया था और साल 2023 में फरवरी के महीने में ये कपल शादी के बंधन में बंध गया था। शादी के बाद कियारा आडवाणी का पहला बर्थडे है।

31 जुलाई 2023 को एक्ट्रेस अपना 31वां जन्मदिन मनाएंगी। अपनी पत्नी के पहले बर्थडे को खास बनाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में ये कपल हाथ में हाथ डाले मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुआ। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिद्धार्थ-कियारा का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में बॉलीवुड का ये लवेबल कपल एक-दूसरे का हाथ थामे एयरपोर्ट के अंदर जाता हुआ नजर आ रहा है। सिद्धार्थ जहां ब्लू ट्रैक पैंट्स और टी-शर्ट, जैकेट में हमेशा की तरह सिंपल और हैंडसम लगे, तो वहीं कियारा भी बेज रंग के ट्रैक पैंट्स के साथ व्हाइट टी-शर्ट में नजर आईं। दोनों ने मुंबई एयरपोर्ट के अंदर जाने से पहले पैपराजी के लिए पोज किये। इसके अलावा खुद कियारा आडवाणी ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हबी सिद्धार्थ के साथ एक क्यूट फोटो शेयर की और उसे कैप्शन देते हुए लिखा, 'टाइम टू...। सिद्धार्थ-कियारा की जब भी कोई वीडियो आती है, तो फैंस उस पर प्यार बरसाने से बिल्कुल भी पीछे नहीं रहते और ऐसा ही कुछ एक बार फिर से देखने को मिला।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com .